प्रेस नोट

दिनांक 19.09.2025

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा महिला थाना हमीरपुर का औचक निरीक्षण किया गया।

आज दिनाँक 19.09.2025 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा महिला थाना हमीरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाने के कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर/ महिला हेल्पडेस्क/साइबर हेल्प डेस्क /सीसीटीएनएस कक्ष/विवेचना कक्ष/ ई-मालखाना / थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया, अभिलेखों को गहनता से चेक किया गया व समय से अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, तदोपरांत थाना परिसर की साफ-सफाई को चेक किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही प्रभारी निरीक्षक तथा अन्य पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाली जनता/पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करने व जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।